वार्षिक परीक्षा -2019-20

कक्षा– 9

विषय– हिन्दी

समय : पूर्णांक :

नोट : सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। स्वच्छता का विशेष ध्यान दें।

प्र01क) 'पृथ्वीराज रासो' महाकाव्य की रचना किस काल में हुई? उसके रचयिता कौन है?

ख) सगुण भक्ति धारा के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

ग) "भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है?" नामक निबंध के लेखक का नाम लिखिए।

घ) 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक का नाम लिखिए

ङ) छायावाद की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्र02 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

हम नहीं समझते कि इनको लाज भी क्यों नहीं आती कि उस समय में जबकि इनके पुरुषों के पास कोई भी सामान नहीं था, तब उन लोगों ने जंगल में पत्ते और मिट्टी की कुटिया में बैठकर बांस की नलियों से जो ताराग्रह आदि बेध करके उनकी गति लिखी है, वह ठीक ऐसी है कि सोलह लाख रुपए के लागत की विलायत में जो दूरबीन बनी है, उनसे उन ग्रहों को बेध करने में भी वही गति ठीक आती है और जब आज इस काल में हम लोगों को अंग्रेजी विधा के जनता की उन्नति से लाखों पुस्तकें और हजारों यंत्र तैयार हैं, तब हम लोग निरी चुंगी के कतवार फेंकने की गाड़ी बन रहे हैं।

क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) भारतेन्दु जी ने प्रगति की दौड़ में भारतवासियों की असफलता का क्या कारण बताया है?

घ) लेखक को भारतीयों की किस बात पर आश्चर्य है?

ङ) प्राचीन काल में भारतीयों ने साधनहीनता की स्थिति में भी किसकी खोज की?

प्र03 निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

यहु तन जारौ मसि करौ, लिखौ राम का नाऊँ।
लेखणि करूँ करंक की, लिखि लिखि राम पठाऊँ।।

क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

ग) इस दोहे के अनुसार कौन और किसे अपना सन्देश प्रेषित करने के लिए व्याकुल है?

घ) अपनी हड्डियों के सन्दर्भ में जीवात्मा क्या कहना चाहती है?

ङ) जीवात्मा अपने प्रियतम को क्या समझाना चाहती हैं?

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

प्र04 निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए - (10)

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव।
यद् भद्रं तन्न आसुव।।

अथवा

सह नाववतु, सह नौ भुनक्तु, सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।।

प्र05 बलिदान कहानी का सारांश लिखिए।

प्र06क) वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

ख) यमक अथवा श्लेष अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

ग) दोहा अथवा चौपाई छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

http://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com